दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
मॉडल पुन्रावृत्ति पत्र
सत्र : 2018–19

कक्षा : सातवीं विषय : हिंदी

(खंड–क)

प्र01. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

ज़किर साहब के बारे में कुछ बातें अविस्मरणीय हैं। 13 मई, 1967 को राष्ट्रपति का पद सँभालते हुए उन्होंने कहा था, सारा भारत मेरा घर है, मैं सच्ची लगन से इस घर को मज़बूत और सुंदर बनाने की कोशिश करूँगा ताकि वह मेरे महान देशवासियों का उपयुक्त घर हो जिसमें इन्साफ और खुशहाली का अपना स्थान हो।" उनकी विनम्रता ऐसी थी कि उन्होंने कहा था, "मैं स्वीकार करता हूँ कि हमारी जनता ने इस उच्चतम पद के लिए निर्वाचित करके मुझ पर जो विश्वास प्रकट किया है उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ हूँ। यह भावना इस वजह से और भी प्रबल हो जाती है कि भारत के महान सपूत डॉ0 राधाकृष्णनके बाद मुझसे इस पद को सँभालने के लिए कहा गया। मैं उनके कदमों पर चलने की कोशिश करूँगा, लेकिन उनकी बराबरी कैसे कर सकूँगा?

एक बार रामलीला में जनता ने उनसे रामचंद्र जी का तिलक करने के लिए कहा। ज़ाकिर साहब खुशी से आए और तिलक किया। इस पर कुछ उर्दू अखबारों ने ऐतराज़ किया। ज़ाकिर साहब ने जवाब दिया, "इन नादानों को मालूम नहीं है कि मैं भारत का राष्ट्रपति हूँ। किसी खास धर्म का नहीं।"

क) ज़ाकिर हुसैन किस पद पर आसीन हुए?
ख) ज़ाकिर हुसैन किसे अपना घर मानते थे?
ग) ज़ाकिर हुसैन को किसके बाद पद सँभालने को कहा गया?
घ) ज़ाकिर हुसैन को रामचंद्र का तिलक करते देख किन लोगों ने उनका विरोध किया?
ङ) ज़ाकिर हुसैन ने विरोधियों को क्या उत्तर दिया?

प्र02. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

फटेहाल है क्यों मज़दूर।
सेठ पड़ा मस्ती में चूर।
वो सोने की भस्म फाँकता।
वो फाकों को है मज़बूर।

दिन–दिन भर वो हाड़ तुड़वाए।
फिर भी पेट को भर न पाए।
बच्चों को किस तरह पढ़ाए।
सुविधाओं से कोसों दूर।।

क) मज़दूर फटेहाल क्यों है?
ख) कौन सोने की भस्म फाँकता है?
ग) कौन मस्त है और कौन खाने को भी मज़बूर है?
घ) दिन–भर परिश्रम करने के बाद भी मज़दूर बेचारा क्यों है?
ङ) इस कविता का शीर्षक दीजिए।

(खंड–ख)

प्र03. किन्हीं तीन लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–
क) कुब्जा कौन थीं?
ख) वीर कुँवर सिंह का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
ग) अप्पू के स्कूल के रास्ते में किसकी दुकान पड़ती थी?
घ) मनुष्य के शरीर की तुलना किससे की गई और क्यों?

प्र04. किन्हीं दो दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–
क) साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है? संक्षेप में लिखिए।
ख) क्या उत्तर भारत के व्यंजनों की दुर्गति हो रही है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
ग) आश्रम में मोची, राजमिस्त्री, लुहार और बढ़ई की क्या आवश्यकता होती होगी?

प्र05. किन्हीं दो का आशय स्पष्ट कीजिए :–

क) "मीरा के प्रभु गिरधर नागर! शरण आयाँ को तारै।"

ख) "भ्रू–विलास में महानाश के पोषक सूत्र परख आया हूँ।"

ग) "ऐंठता तू किसलिए इतना रहा, एक तिनका है बहुत तेरे लिए।"

प्र06. किन्हीं चार शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | नवागंतुक | ख) | विस्तृत | ग) | संघर्ष |
| घ) | शेष | ङ) | हिलोर | च) | संकीर्ण |

प्र07. उत्तर दीजिए (शब्द सीमा 50–60 शब्द) :–

- विदेशी व्यंजनों के अपनाने पर हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

प्र08. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) युद्ध में अर्जुन के किस पुत्र की मौत हुई थी?

ख) दुर्योधन की पत्नी का क्या नाम था?

ग) अभिमन्यु युद्ध में किसको बेधना जानता था?

घ) अश्वत्थामा के पास कौन–सा अस्त्र था?

ङ) युद्ध रोकने का किस–किस ने प्रयास किया?

च) स्वर्ग से धर्मराज को लेने कौन आया था?

(खंड –ग)

प्र09 निर्देशानुसार उत्तर लिखें–

| | | |
|---|---|---|
| क मान | | (उपसर्ग और प्रत्यय का प्रयोग कर नया शब्द बनाइए।) |
| क महा +औषध | ख राजा+ईश | (संधि कीजिए।) |
| क लोकोक्ति | ख स्वच्छ | (संधि–विच्छेद कीजिए।) |
| क रेल के लिए टिकट | ख सत् है जो कर्म | (समास कीजिए।) |
| क नेत्रहीन | ख यथारूप | (समास विग्रह कीजिए।) |
| क नासिका | ख सत्य | (तद्भव रूप लिखिए। ) |
| क गमला | ख पुनः | (वर्ण–विच्छेद कीजिए।) |
| क सज्जन | ख क्षम्य | (विलोम लिखिए।) |
| क बल, बाल | | (समरूपीभिन्नार्थक शब्द लिखिए।) |
| क आलोचना, निंदा | | (समानार्थक शब्द लिखिए।) |
| क सोना | ख शेर | (दो–दो पर्यायवाची लिखिए।) |
| क नाग | ख वर | (दो–दो अनेकार्थक शब्द लिखिए।) |
| क पाँच वर्ष के लिए | ख पढ़ने वाला | (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।) |
| क घी के दीपक जलाना | ख टेढी खीर | (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। ) |
| क गोविंद चलते चलते अचानक रुक गया। | | (विराम–चिह्न का प्रयोग कीजिए।) |
| ख यह किसका घर है | | |
| क पिताजी बाज़ार गए हैं। | | (उद्देश्य और विधेय अलग कीजिए।) |
| ख छोटे बच्चा रो रहा है। | | |

प्र010 किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

क क्रिया की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ख कारक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ग क्रिया–विशेषण और विशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

घ समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ङ महाप्राण और अल्पप्राण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र011 किन्ही चार लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
क स्वर के कितने भेद होते हैं ?
ख विशेषण शब्द जिन शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?
ग कारक के कितने भेद हैं ?
घ शब्दों के व्यवस्थित क्रम एंव सार्थक समूह को क्या कहते हैं ?
ङ समास के कितने भेद हैं ?

(खंड –घ)

प्र012 निम्नलिखित किसी एक विषय पर पत्र लिखिए– (औपचारिक /अनौपचारिक)

साइकिल चोरी होने की सुचना देते हुए अपने इलाके के पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए।

या

अपने जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र लिखिए ।

प्र013 निम्नलिखित किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

मित्रता

संकेत बिंदु– सच्ची मित्रता ईश्वर का वरदान , गुणों की परख ,संकट का साथी

या

पुस्तकालय

संकेत बिंदु– पुस्तकों का सरंक्षण, ज्ञान में वृद्धि ,दुर्लभ एंव महँगी पुस्तकें उपलब्ध।

प्र014 चिड़िया के घोंसले के बारे में भाई–बहन के बीच हुए संवाद को दस पंक्तियों में लिखिए।

प्र015 आकर्षक चश्मों हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र016 दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर उसका वर्णन 60–70 शब्दों में कीजिए।

